**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आईटीबीपी जवानों को जान जोखिम में डालकर करनी पड़ रही है आवाजाही

**दिक्कतें**

**चीन सीमा को जोड़ने वाली बीआरों की तवाघाट सोबला व सीपीडब्लूडी की सोबला तिदांग सड़क बंद**

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। दारमा घाटी के पगबंबे नामक जगह पर सड़क के बंद होने से सीमा पर सुरक्षा के लिए तैनात आईटीबीपी के जवानों को अपनी डयूटी स्थल में जाने के लिए जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि पगबंबे में भारी मलबा और बोल्डर गिरने का सिलसिला लगातार जारी है।

वहीं हालात इतने बदत्तर हो चुके है कि मलबा और बोल्डर के गिरने के कारण सड़क में बने गड्ढे होने के समाचार मिल रहे है। दूसरी ओर आईटीबीपी जवानों को देश की अंतिम सीमा पर सुरक्षा व तैनाती में जाने के लिए जान हथेली पर रखकर अग्रिम चौकियों तक पहुंचना पड़ रहा है। वही ऐसे में ये जवान अपनी जान की परवाह किये बिना रस्सियों के सहारे गड्ढों को आरपार कर आगे की ओर बढ़ते दिखाई दे



रहे है। जानकारी के मुताबिक चीन सीमा को जोड़ने वाली बीआरों की तवाघाट सोबला और सीपीडब्लूडी की सोबला तिदांग सड़क को बंद पड़े चालीस दिन से लंबा समय गुजर चुका है। जिम्मेदार विभाग सड़क को खोलने के लिए बहाने बाजी करने में तुला हुआ है। विभाग से कई बार क्षेत्र की ग्रामीण जनता सड़क को खोले जाने के लेकर मांग रख चुकी है मगर सीपीडब्लूडी वहां पर अब तक मौके पर पहुंचने की हिम्मत तक नही जुटा पाया है।

आलम यह है कि सीमा पर बसे गांवों के ग्रमीणों को अब जरूरती चीजों के लाले पड़ने के आसर बनते दिख रहे है। जहां पिछले चालीस दिन से बंद पड़ी सड़क अब तक नही खुल पाई है। ऐसे हालातों में संबिधित महकमें की लापरवाही सीमा पर सुरक्षा में लगे आईटीबीपी जवानों व आम जन को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को अब आगे न जाने कितने महीनों तक मजबूर होना पड़ेगा यह कहना बेहद अटपटा लग रहा है।

इस मामले पर धारचूला के उपजिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि पगबंबे सड़क पर भारी बोल्डर व मलबा गिरने की जानकारी मिली है। सड़क के खुलने में अभी लंबा वक्त लग सकता है। संबधित महकमें को मौके पर निर्देश दे दिये गये है।

## न्यूज डायरी

### जनहित से जुड़ी समस्याओ के सचिवालय स्तर पर संकलन कर दें निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन ने मुख्यमन्त्री एवं मुख्यसचिव को सुराज, भ्रष्टाचार उन्मूलन और जनसेवा के संकल्प को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से भेजे गए सुझावो के अंतर्गत कहा गया है कि दूरस्थ तथा दुर्गम क्षेत्रो सहित सभी जनपदो मे स्थानीय,समाचार पत्रो पोर्टल आदि पर जनहित से जुड़ी समस्याओ के सचिवालय स्तर पर संकलन कर इन्हे सम्बन्धित सचिवों को निर्देशों हेतु भेजा जाना उपयोगी होगा। सचिव सतर से इन्हे सीधे जनपदीय अधिकारियो को भेजकर इनपर प्रतिसप्ताह की गयी कार्यवाही की समीक्षा भी सचिवालय स्तर पर की जाय। स्वास्थ्य,परिवहन ,शिक्षा, पीडब्ल्यूडी,जलआपूर्ति, खाद्य,विद्युत,आदि विभागो से सम्बद्ध जन समस्याओं की जिलेवार प्रकाशित खबरो को जिलासूचना अधिकारियो के माध्यम से निदेशालय मे संकलित करने हेतु सूचना विभाग को दायित्व दिया जाय।

### 300 युवाओं से धोखाधड़ी, रोजगार के नाम पर जमा कराए सात लाख रुपये

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय में युवाओं को शिक्षा के साथ—साथ रोजगार देने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 300 युवाओं से धनराशि वसूलने के साथ—साथ कुछ लोगों से फ्रेंचाइजी के नाम पर मोटी रकम जमा करवाने का आरोप भी कंपनी संचालकों पर लगे है। पीड़ितों ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस लाईन निवासी विकल्प चंद की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते वर्ष दो युवाओं ने एक एजुकेशन कंपनी खोली। कंपनी में इंवेस्ट के लिए गलत दस्तावेज दिखाकर उनसे पांच लाख रु पये लिए गए। करीब 300 युवाओं से करीब सात लाख रुपये जमा कराए गए।

### प्राइम डे 2021 के दौरान अमेजन.इन पर अभी तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज

**संवाददाता** देहरादून। प्राइम डे 2021 के दौरान अमेजन. इन पर लघु मध्यदम उद्यमों (एसएमबी) की अभी तक की सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गई, क्योंकि उन्हें प्राइम मेंबर्स की ओर से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। भारत के 96 प्रतिशत से अधिक पिन कोड्स से ग्राहकों के ऑर्डर और प्राइम डे के लिए एक माह लंबी चली लीडिंग—अप के साथ प्राइम वीडियो के लिए सबसे अधिक व्यूवरशिप और प्राइम म्यूजिक के लिए सबसे ज्यादा लिस्नर्स की संख्या भी दर्ज की गई। अक्षय साही, डायरेक्टर— प्राइम एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरिएंस, अमेजन इंडिया ने कहा, हमनें इस प्राइम डे को एसएमबी और लोकल स्टोर्स के लिए समर्पित किया था और उनकी प्रतिभागिता को देखकर हम अभिभूत हैं।

## प्रदेश पर 45 हजार करोड़ का हो गया है बाजार कर्ज

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमारे गरीब प्रदेश पर आज की तारीख में 45,260 करोड़ का बाजारू कर्ज हो गया है,जिसका ब्याज चुकाना सरकार के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है, जोकि मार्च 2022 तक बढ़कर 53,560 करोड़ होने की आशंका है। अन्य हजारों करोड़ के कर्ज भी मुंह बाए खड़े हैं। यहां तक कि सरकार को कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। सरकार द्वारा वर्ष 2020—21में 6200 करोड़ कर्ज लिया गया तथा इस वित्तीय वर्ष में आज की तारीख तक 1200 करोड़ कर्ज और ले लिया गया। सरकार द्वारा इन कर्ज के पैसों से विज्ञापनों पर पैसा पानी की तरह बहा जा रहा है, जोकि



■कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए जा रहा है कर्जः मोर्चा
■मार्च 2022 तक 53,560 करोड़ होने की आशंका !

सरकार की सेहत के लिए अच्छा नहीं है।

मोर्चा सरकार से मांग करता है की विज्ञापनों पर करोड़ों रुपया खर्च करने के बजाय धरातल पर काम करें, जोकि जनता को खुद—ब—खुद दिख जाएगा। पत्रकार वार्ता में मोर्चा महासचिव आकाश पंवार व विजय राम शर्मा थे।



## महिला कर्मियों के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में बनेगा शिशु सदन

**संवाददाता** हल्द्वानी। कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों को बेहतर माहौल देने के लिए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय कई कदम उठा रहा है। मुक्त विश्वविद्यालय परिसर में महिला कर्मियों की सुविधा के लिए शिशु सदन बनाया जाना है। जिसमें 10 वर्ष कम उम्र के बच्चों को बेहतर माहौल में रखा जा सकेगा। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति की बैठक 30 जुलाई 2021 को परिसर में हुई। महिला कर्मचारियों एवं छात्रों को लैंगिक उत्पीडन के निकारण एवं सुधार को विश्वविद्यालय स्तर पर चर्चा की गई। पीठासीन अधिकारी प्रोफेसर रेनू प्रकाश ने बैठक की कार्यसूची, उद्देश्य व आगामी कार्य विधियों को प्रस्तुत किया। रेनू प्रकाश ने बताया कि समिति की ओर से शीघ्र ही एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये प्रदान की 52 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर के अन्तर्गत 18 निर्माण कार्यों हेतु 05 करोड़ 40 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र बाजपुर के अन्तर्गत 04 निर्माण कार्यों हेतु 02 करोड़ 82 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत 05 निर्माण कार्यों हेतु 01 करोड़ 60 लाख रूपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने राज्य योजनान्तर्गत टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत विभिन्न 18 निर्माण कार्यों हेतु 05 करोड़ 40 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की 04 निर्माण कार्यों हेतु 06 करोड़ 52 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत विभिन्न 03 निर्माण कार्यों हेतु 01 करोड़ रूपये, विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 23 लाख 48 हजार रूपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने राज्य योजनान्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र हरिद्वार के अन्तर्गत 06 निर्माण कार्यों हेतु 03 करोड़ 5 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत 03 निर्माण कार्यों हेतु 01 करोड़ 71 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र बी.एच.एल. के अन्तर्गत विभिन्न 04 निर्माण कार्यों हेतु 01 करोड़ 52 लाख रूपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के विधानसभा क्षेत्र रायपुर के अन्तर्गत 13 निर्माण कार्यों हेतु 08 करोड़ 48 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 03 करोड़ 95 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र विकासनगर के अन्तर्गत विभिन्न 03 निर्माण कार्यों हेतु 93 लाख 33 हजार रूपये की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

## कैंट विधानसभा क्षेत्र में आए दिन लोगों का बारिश के कारण हो रहा है नुकसान

**संवाददाता** देहरादून।' कैंट विधानसभा क्षेत्र बिंदाल नदी से सटे घरों में बारिश के कारण हुए नुकसान पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आए दिन हो रहे लोगों के नुकसान के बारे में कहा है कि क्षेत्रीय विधायक जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पा रहे है उनसे यदि अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है तो वे अपना पद त्याग दें जिससे क्षेत्र की जनता को उनसे कोई उम्मदें भी न रहें। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई बारिश के कारण एक चाट बेचने वाले सीताराम के घर का रास्ता बह गया था जिस पर मीडिया ने भी संज्ञान लिया था । आज ऐसे की कई रोज कमाकर खाने वाले लोगों के घरों पर संकट आ खड़ा हुआ है। किसी की छत टूट गई है किसी की दीवार तो किसी के घर के बाहर का रास्ता खत्म हो गया है।